गुजरात और महाराष्ट्र में वर्षा का कहर, 14 की मौत

जेएनएन, नई दिल्ली : लगातार हो रही भारी वर्षा से गुजरात, महाराष्ट्र की स्थिति काफी खराब है। पिछले 24 घंटों के दौरान गुजरात में 14 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 31,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में कुछ लोगों के पानी के तेज बहाव में बह जाने की सूचना है।

गुजरात में 27 जलाशय हाई अलर्ट पर हैं जबकि, 12 जलाशय अलर्ट पर हैं। बीते चौबीस घंटे में भरुच की वागरा तहसील में सर्वाधिक नौ इंच वर्षा हुई, जबकि 25 अन्य तहसीलों में भी चार इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की 18 और एसडीआरएफ की 21 टीमें तैनात हैं। कच्छ जिले में 110 लोगों को बचाया गया। घीणोदर पर्वत के पास पानी में फंसे चार युवाओं को बचाया गया।

110 लोगों को गुजरात के कच्छ में बचाया गया

51 लोगों को मांडवी में सुरक्षित निकाला गया, मुंबई में जलभराव

गुजरात के नवसारी में पुरना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया ● एएनआइ

जबकि, नदी के बहाव में फंसी एक बुजुर्ग महिला को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। मांडवी के जतननगर से 51 लोगों को एनडीआरएफ ने सुरक्षित निकाला। राज्य के आधे जलाशयों में 50 प्रतिशत तक पानी भर गया है। सरदार सरोवर नर्मदा बांध अब तक 48.55 प्रतिशत तक भरा है। छह दिनों से वर्षा का कहर झेल रहे महाराष्ट्र में मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

G Scan with Google Lens

गूगल लेंस से नीचे दी हुई तस्वीर को स्कैन करें

गुजरात और महाराष्ट्र में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। दोनों राज्यों में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग का कहना है कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश हो सकती है।